धीरज धर मनवा सांवरा आने वाला है

धीरज धर मनवा सांवरा आने वाला है,
सर पे तेरे मोरछड़ी लहराने वाला है,
आने वाला है, सांवरा आने वाला है,
धीरज धर मनवा सांवरा आने वाला है।

बहुत सताया बहुत रुलाया,
बहुत तुझे तड़पाया है,
चुपके तेरी नींद चुरा कर,
कितनी रात जगाया है,
बड़े स्नेह से आकर,
ह्रदय लगाने वाला है,
आने वाला है,
सांवरा आने वाला है
धीरज धर मनवा,
सांवरा आने वाला है।

माया ने तुझको जकड़ा है,
मोह ने तुझको घेरा है,
काम क्रोध मद लोभ,
और अहंकार का डेरा है,
इन सारे दोषों से,
तुझे छुड़ाने वाला है,
आने वाला है,
सांवरा आने वाला है
धीरज धर मनवा,
सांवरा आने वाला है।

गुरु रूप धर कर आएगा,
प्रेम सुधा बरसायेगा,
तुझको सखी बना,
बंसी में प्रेम के नग़में गायेगा,
भव सागर से तुझको,
पार कराने वाला है
आने वाला है,
सांवरा आने वाला है
धीरज धर मनवा,
साँवरा आने वाला है,
सर पे तेरे मोरछड़ी,
लहराने वाला है,
आने वाला है,
सांवरा आने वाला है......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24760/title/dheeraj-dhar-manva-sanwra-aane-wala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |